अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार

सूर्या कंपनी के नकली पंखों की खेप पकड़ी, धड़ल्ले से हो रही थी बिक्री

हल्द्वानी, अमृत विचार : गर्मियों के दस्तक देने से पहले बाजार में नकली इलेक्ट्रिक उत्पादों की आमद शुरू हो गई है। एक ऐसे ही नए मामले का भंडाफोड़ एक ग्राहक की शिकायत पर हुआ। पुलिस के साथ सूर्या रोशनी लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों ने मुखानी थाना क्षेत्र स्थित एक दुकान पर छापा मारा। दुकान से बड़ी संख्या में नकली सीलिंग फैन बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

आइकोनिक करेंथम टावर नोएडा से आए सूर्या कंपनी के गोविंद सिंह ने 3 फरवरी को एसपी सिटी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि एक ग्राहक ने 27 जनवरी को कंपनी को शिकायत की थी कि मुखानी थाना क्षेत्र के शिव शक्ति विहार अम्बा विहार गली में स्थित हरी टेक्नोक्रैट्स/हरी टेक्नोलॉजी सूर्या कंपनी के नकली उत्पाद बेच रहा है। एसपी सिटी के निर्देश पर मुखानी पुलिस ने गोविंद के साथ हरी टेक्नोक्रैट्स पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान दुकान का मालिक अंकित त्रिपाठी, अंकित का भाई और पिता मौजूद मिले। छानबीन की तो दुकान के अंदर से 123 सीलिंग फैन बरामद हुए। पुलिस ने मौके से सारा माल जब्त कर लिया और गोविंद सिंह की तहरीर पर आरोपी दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

Source: https://www.amritvichar.com/article/520533/surya-company-was-caught-selling-fake-wings-of-fake-wings#gsc.tab=0